# मैसर्स दलीप लाईम उद्योग, प्लॉट नं. 04 की प्रस्तावित रिवर सेंड (बजरी) खनन परियोजना निकट ग्राम–सतवाड़ा, तहसील–देवली, जिला–टोंक का जन–सुनवाई कार्यवाही विवरण

मैसर्स दलीप लाईम उद्योग **द्वारा प्रस्तावित रिवर सेंड (बजरी) खनन परियोजना प्लॉट** नं. 04, निकट ग्राम–सतवाड़ा, तहसील–देवली, जिला–टोंक **बजरी खनन क्षेत्रफल** 73.61 **हेक्टेयर तथा प्रस्तावित उत्पादन क्षमता** 24,49,960 TPA (ROM) मय कुल क्लस्टर खनन क्षेत्रफल **3553.8267** हेक्टेयर की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जन सुनवाई पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 एवं समय–समय पर संशोधित अधिसूचनाओं के प्रावधानों की अनुपालना मे तथा कार्यालय जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, टोंक के पत्र/आदेश क्रमांक न्याय/पर्यावरण जनसुनवाई/2025/27402 दिनांक 04.09.2025, क्रमांक 32776 दिनांक 10.10.2025 तथा क्रमांक 32822 दिनांक 16.10.2025 (संलग्नक–अ) के अनुक्रम मे दिनांक 08.11.2025 (शनिवार) को समय प्रातः 11:00 बजे, स्थान राजीव गांधी सेवा केन्द्र, पंचायत समिति देवली, तहसील–देवली, जिला–टोंक मे अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, टोंक, जिला–टोंक (राज॰) की अध्यक्षता मे आयोजित की गयी।

उक्त जनसुनवाई निम्न अधिकारियों की उपस्थिति मे आयोजित की गईः–

1. श्री राम रतन सौंकरिया, अति॰ जिला कलेक्टर एवं अति॰ ज़िला मजिस्ट्रेट, टोंक।
2. श्री शिव कुमार, क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्ड़ल, बून्दी।

जनसुनवाई मे उपस्थित अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्र के ग्रामवासी व अन्य का उपस्थिति–पत्र मय हस्ताक्षर संलग्न है (संलग्नक–ब)। उक्त जन सुनवाई के लिए नियमानुसार राष्ट्रीय समाचार पत्र "द इण्डियन एक्सप्रेस" मे दिनांक 07.09.2025, 12.10.2025 तथा 18.10.2025 और स्थानीय समाचार पत्र ""खबरों की दुनिया" मे दिनांक 07.09.2025, 12.10.2025 तथा 18.10.2025 को आम सूचना निर्धारित जन सुनवाई से नियमानुसार निर्धारित दिवसों पूर्व प्रकाशित की गई थी, समाचार पत्रों की फोटो प्रतियाँ संलग्न है (संलग्नक–स)। जनसुनवाई की विडियो रिकोर्डिंग डी.वी.डी./पेन ड्राईव एवं फोटो ग्राफ संलग्न है (संलग्नक–द)।

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
बूंदी, राजस्थान

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
टोंक (राज॰)



Scanned with OKEN Scanner

श्री राम रतन सौंकरिया, अति॰ जिला कलेक्टर एवं अति॰ जिला मजिस्ट्रेट, टोंक की अनुमति से जनसुनवाई की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए श्री शिव कुमार, क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, बून्दी ने उपस्थित जन–समूह को जनसुनवाई के प्रावधानों, उद्देश्यों तथा महत्व के बारे मे बताते हुए उपस्थित जनसमूह से यह अपील की, कि वे परियोजना प्रस्तावक द्वारा खनन परियोजना के बारे मे जो जानकारी दी जायेगी, उसे सुने, तत्पश्चात् यदि परियोजना के सम्बन्ध मे कोई सुझाव या शिकायत हो तो कृपया सब से पहले अपना परिचय दे जिसमें आपका नाम तथा गाँव बतावें साथ ही सुझाव/शिकायत/आक्षेप/आपत्ति जो भी हो लिखित अथवा मौखिक जैसा आप उचित समझे हमें दे सकते है।

उन्होने यह भी अवगत कराया कि इस जनसुनवाई के दौरान आप लोगों द्वारा जो भी सुझाव/शिकायत/आक्षेप/आपत्ति दी जायेगी चाहे वह लिखित हो या मौखिक हो उसे हम कलमबद्ध करेंगे तथा जनसुनवाई मे होने वाली कार्यवाही की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी भी की जा रही है। हम आपके लिखित/मौखिक रूप मे प्राप्त सभी सुझाव/शिकायत/आक्षेप/आपत्ति कलमबद्ध करके वीडियो रिकोर्डिंग मय फोटोग्राफ्स के साथ कार्यवाही विवरण (Minutes of Meeting) बनाकर नोटिफिकेशन के अनुपालना स्वरुप राज्य स्तर पर्यावरण समाद्यात निर्धारण प्राधिकरण (SEIAA), राजस्थान को प्रेषित करेंगे।

तत्पश्चात् क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्ड्ल, बून्दी ने परियोजना प्रस्तावक को प्रस्तावित रिवर सेंड (बजरी) खनन परियोजना के बारे मे उपस्थित ग्रामवासियों/जनसमूह को अवगत कराने हेतु आमंत्रित किया।

इसके पश्चात परियोजना प्रस्तावक के प्रतिनिधि द्वारा परियोजना के विषय से संक्षिप्त जानकारी दी तथा विस्तृत जानकारी देने के लिए पर्यावरण सलाहकार मैसर्स वाईब्रेंट टैक्नो लेब प्राईवेट लिमिटेड, जयपुर के प्रतिनिधि श्री उमेश शर्मा को आमंत्रित किया। श्री उमेश शर्मा द्वारा प्रस्तावित रिवर सेंड (बजरी) खनन परियोजना के बारे मे उपस्थित जनसमुदाय को विस्तृत जानकारी पॉवर पॉइन्ट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से प्रदान की गई जिसमे खनन पटटे के स्थान, खनन पट्टा क्षेत्रफल, उत्पादन क्षमता, मंशा पत्र की जानकारी, अनुमोदित माईनिंग प्लान की जानकारी, अरावली प्रमाण पत्र की जानकारी, संदर्भ की शर्तों, (TOR) की

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
बूंदी, राजस्थान

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
टोंक (राज॰)



Scanned with OKEN Scanner

जानकारी, समाचार पत्रों मे छपवाई गई आम सूचना की जानकारी, क्लस्टर मे आने वाले खनन पट्टों का विवरण, परियोजना का विवरण, क्षेत्रफल, टोपोशीट, भूमि के प्रकार, परियोजना की लागत, निकटतम राष्ट्रीय राजमार्ग/राज्य राजमार्ग, निकटतम रेल्वे स्टेशन, निकटतम हवाई अड्डा, निकटतम शहर/गांव, भू-जल तालिका, खदान स्थल की ऊंचाई सीमा की जानकारी, खनन की अंतिम सीमा की जानकारी, निकटतम आरक्षित एवं संरक्षित वन, पारिस्थितिक संवेदनशील क्षेत्र, राष्ट्रीय उद्यान, वन्यजीव अभ्यारण्य, जल की आवश्यकता, श्रमिको की आवश्यकता, खनन क्षेत्र मे नदी/नालों, खनिज की भूमिका और आवश्यकता, स्थिति मानचित्र, 15 कि.मी. परिधि का मानचित्र, पर्यावरण प्रभाव हेतु किये गये अध्ययन के स्थानों की स्थिति के मानचित्र, खनन की विधि, प्रस्तावित यंत्रीकरण की जानकारी, भू-आकृति एवं जल निकासी व्यवस्था, पर्यावरणीय आधारभूत अध्ययन, खनन अध्ययन क्षेत्र में वायु गुणवत्ता की वर्तमान स्थिति एवं अनुमानित संचयी जमीनी स्तर की एकाग्रता की जानकारी, वायु प्रदूषण नियंत्रण एवं प्रबन्धन की जानकारी, जल गुणवत्ता की वर्तमान स्थिति, जल प्रदूषण नियंत्रण एवं प्रबन्धन, जल गुणवत्ता प्रबन्धन, ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण एवं प्रबन्धन के उपाय, प्रस्तावित वृक्षारोपण की जानकारी, पर्यावरण संरक्षण के उपायों की लागत की जानकारी, श्रम कल्याण के लिये प्रस्तावित बजट की जानकारी, व्यवसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, सामाजिक दायित्व के तहत किये जाने वाले कार्यों की जानकारी, आदि से सम्बधित जानकारी प्रदान की गई।

तत्पश्चात् श्री शिव कुमार, क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल, बून्दी ने उपस्थित जनसमुदाय को अपने सुझाव/विचार/आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु आमन्त्रित किया। उपस्थित जन-समुदाय द्वारा प्रस्तुत सुझाव/विचार/आपत्ति/आक्षेप का विवरण निम्नानुसार है:-

1. **श्री रामराज जाट पुत्र श्री श्योकरण जाट, निवासी ग्राम-सतवाडा, तहसील-देवली, जिला-**टोंक द्वारा अवगत कराया गया कि :
   i) यह बजरी लीज जो कि सरकार द्वारा आंवटित की जा रही हैं, वह लीज आस-पास के गाँवों के लिए अच्छी नही हैं। इससे हमारा नुकसान होगा। वर्तमान मे पानी मे फ्लोराइड की मात्रा बहुत ज्यादा हैं।

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
बूंदी, राजस्थान

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
टोंक (राज०)



Scanned with OKEN Scanner

ii) बजरी के खनन से पानी मे फ्लोराइड की मात्रा मे वृद्धि होगी। आस–पास के लोगों मे अधिक फ्लोराइड की मात्रा से बिमारी उत्पन्न होगी।

iii) कुओं का जल स्तर लगातार गिरता जा रहा हैं। बजरी के खनन से कुओं का जल स्तर और अधिक गिरेगा जिससे जो कि खेती के लिए नुकसानदायक हैं।

iv) बजरी खनन से पर्यावरण प्रदूषण होता हैं।

v) नदी के किनारों पर जो जलीय जीव हैं; जैसे घोंघे, कछुए आदि को खनन करने के दौरान ये लोग मार देते हैं, जिससे पारिस्थितिक तन्त्र पर विपरित प्रभाव पड़ता हैं।

vi) पेटा कास्त करने वाले किसान बजरी खनन से प्रभावित होगें। तरह–तरह की समस्यायें उत्पन्न होगी। स्थानीय लोग पेटा कास्त करके अपने व अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं, बजरी खनन से ये किसान लोग बेरोजगार हो जाएगें।

vii) बजरी के परिवहन से ग्रामीण सड़के टूटती हैं। ग्रामीण सड़को से बजरी के ओवरलोड वाहन गुजरते हैं जिससे धुल उड़ती हैं एवं ग्रामीणों का स्वास्थ्य खराब होता हैं, तथा स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पड़ता है।

viii) बजरी खनन से गाँवों मे असामाजिक तत्वों का विचरण होता हैं। अनजाने लोग पता नही कहाँ– कहाँ से आते हैं, जिससे दुर्घटनाए घटित होती हैं, जैसे लोगों से मार–पीट करना, शराब पीना, गाँव के सौहार्द को बिगाड़ना आदि।

ix) पूर्व मे अनियमित खनन के कारण नदी मे गहरे–गहरे गड्डे हो गये हैं। जिसमें डूबकर कई बच्चे व जानवर मर चुके हैं।

उक्त सभी कारणों को ध्यान मे रखते हुए लीज जारी नही की जाए।

2. **श्री राजेश कुमार मीणा पुत्र श्री गोपाल लाल मीणा, निवासी ग्राम–सतवाडा, तहसील–देवली, जिला–टोंक** द्वारा बताया गया पूर्व मे क्षेत्र मे मीठा पानी था। अब बजरी के खनन की वजह से पानी मे फ्लोराइड की मात्रा बढ़ी हैं तथा बजरी खनन की वजह से पानी पीने योग्य नहीं बचा है। लीज स्वीकृति जारी नही करनी चाहिए। हमारी आपत्ति के बाद भी यदि लीज को स्वीकृति जारी करते हैं तो उसका जिम्मेदार प्रशासन होगा एवं हम लोग धरना प्रदर्शन करेगें। हम लोग गाँव मे रहते हैं एवं बजरी की सुरक्षा करते

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
बूंदी, राजस्थान

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
टोंक (राज०)



Scanned with OKEN Scanner

हैं। मेरा घर नदी के किनारे स्थित है। इससे पहले गाँव के दूसरी तरफ रहते थे, अब गाँव मे नदी की तरफ बसे है। अब यहाँ से कहाँ जाएगें ? पानी खारा हो चुका हैं, जिसका प्रमुख कारण बजरी का उठना हैं। प्रशासन को समस्या नजर नहीं आ रही हैं, पानी मे इतना फ्लोराइड है कि नमक की तरह जम जाता है। मेरे साथ चलिए मे आपको दिखाता हूँ। नदी मे नई बजरी की आवक नही हैं। मैं नदी के किनारे ही रहता हूँ, मेरा घर नदी से लगभग 50 मीटर दूर स्थित है। इससे बड़ा सबूत/गवाह मे नही दे सकता हूँ। इसके बाद भी यदि बजरी लीज चालू की जाती हैं तो यह हमारे अधिकारों पर कुठाराघात हैं। मेरे घर के आस–पास तीन–चार घर हैं जिन्हे पैरालाइसिस की बीमारी हो गयी हैं। जानवर मरते हैं, बिमारियां होती हैं। अब सरकार की नजर है कि बजरी पडी है, इनकम का स्त्रोत हैं। हमारे पूरे गाँव की आपत्ति हैं, कोई सहमत नही हैं, कौन चाहेगा अपना क्षेत्र बर्बाद करना? कौन चाहेगा अपने घर बर्बाद करना? यदि पर्यावरणीय अनापत्ति जारी की जाती हैं व लीज चलाई जाती हैं तो हमारे पास आन्दोलन करने का ही एक मात्र विकल्प बच जाता हैं। कमाने के लिए बाहर के लोग आयेंगे, बजरी बाहर जाएगी, यहाँ के स्थानीय लोगों को क्या मिलेगा? खारा पानी, उनका स्वास्थ्य खराब होगा। ये तो सरकार का अधिकार नही हैं। आम लोगों की परेशानी को समझे। उसी के बाद पर्यावरणीय स्वीकृति जारी करे। हमने अपनी बात रख दी। आप जैसा उचित समझे वैसा करें।

परियोजना प्रस्तावक के सलाहकार के प्रतिनिधि श्री उमेश शर्मा द्वारा प्रत्युत्तर मे बताया गया कि गाँव सतवाड़ा, विजयगढ़, राजमहल, बोटून्दा व दूनी से पानी के नमूने लिए गये और उनका विश्लेषण करने के बाद जो परिणाम आये वह निर्धारित मानकों के अनुरूप पाये गये। आप कह रहे है, आपके यहा खारा पानी हैं, हमने भी यहाँ पर सर्वे किया हैं एवं पानी मीठा पाया गया हैं। केन्द्र भूजल प्राधिकरण की रिर्पोट के अनुसार भी यहाँ पर पानी मीठा हैं। आप यदि फिर भी नही मानते हैं तो आप हमें पानी के सेम्पल उपलब्ध करा देना हम उनकी टेस्टिंग कराकर, रिपोर्ट संलग्न करेगें/दिखायेंगे। पारिस्थितिक तन्त्र मे जैसे घोंघे, कच्छुए आदि Schedule-I Species के अन्तर्गत आते हैं। जब यह खनन परियोजना चालू होगी तो उससे पहले भारत सरकार के वन एवं

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
बूंदी, राजस्थान

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
टोंक (राज०)



Scanned with OKEN Scanner

पर्यावरण मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार जारी Schedule-I Species/प्रजाति के लिए संरक्षण योजना (Conservation Plan) बनाया जाएगा, उस संरक्षण योजना को वन विभाग को भेजा जाएगा एवं वन विभाग से समूचित जो भी इस बाबत् मद का प्रावधान (Budgetry Provision) होता हैं। उसके अनुसार फीस जमा कराई जाएगी। Schedule-I Species आस–पास के Floura & Fauna (वनस्पति तथा जानवरों का क्षेत्र के अनुसार जीवनकाल) आस–पास के पशु पक्षी को किसी भी प्रकार की कोई हानि ना हो इसके लिए भी हम प्लान प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा सड़को की मरम्मत का प्रावधान भी हैं, कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (CSR/EMP) के अन्तर्गत लिए हुए हैं। बजरी खनन से यदि कोई सड़क टूटेंगी तो हम भरसक प्रयास करेंगे कि उनकी मरम्मत की जाए एवं उन सड़कों को सही रखा जाए। आमजन के स्वास्थ्य के लिए Occupational Health and safty के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। हर 6 माह मे स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित करेगें एवं आमजन की स्वास्थ्य सम्बन्धित समस्या का निवारण भी किया जाएगा।

श्री राजेश कुमार मीणा ने पूछा कि पानी के नमूने नदी के अन्दर से लिए गये हैं क्या ?

परियोजना प्रस्तावक के सलाहकार के प्रतिनिधि श्री उमेश शर्मा द्वारा प्रत्युत्तर मे बताया गया कि जल के नमूने गाँव से लिये गये है व बताया कि भूजल के नमूने नदी से नही लिए जाते हैं।

श्री राजेश मीणा ने उपस्थित जन समूह से पूछा कि नदी का पानी मीठा हैं क्या? नदी का पानी पीने योग्य हैं क्या?

जन समूह मे से कुछ लोगों ने कहा कि नदी का पानी मीठा तो नही हैं।

3. **श्री दारासिंह केवट, पुत्र श्री केदार केवट, निवासी ग्राम–सतवाड़ा, तहसील–देवली, जिला–टोंक** ने अवगत कराया कि यदि बजरी का खनन होगा तो प्रदूषण तो होगा ही यह सत्य हैं। हमारे गाँव मे पानी तो खराब हुआ हैं। लीज धारक ने लीज आवंटित कराई हैं। वह सरकार के नियमों के अनुसार कार्य करे तो हमें कोई आपत्ति नही हैं। यदि लीज धारक नियम विरुद्ध जाकर खनन कार्य करते हैं तो हमें आपत्ति हैं। लीज

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
बूंदी, राजस्थान

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
टोंक (राज०)



Scanned with OKEN Scanner

धारक बाहर गाँव से श्रमिकों को काम करने के लिए लाते हैं, उनमें कुछ असामाजिक तत्व भी होते है, वो गाँव से रहतें हैं, पैसा कमाते हैं, जिससे गाँव मे असामाजिक तत्व बढतें हैं।

श्री केवट ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा मेरे गाँव के स्थानीय युवाओं को रोजगार दिया जाए, यदि लीज चालू होती हैं तो, जो नियम है कि पानी/भूजल से जितने ऊपर बजरी छोड़नी हैं, वह छोडो। जो आपकी नियम व शर्तो मे हैं उस अनुसार खनन करे। पिछले 20–25 वर्षो से हमारे गाँव मे लीज हो रही है। बजरी सारी उठ चुकी है। जल स्तर से 1.5 मीटर बजरी छोड़नी है वह छोड़ देना। यदि लीज चालू होती हैं तो रोजगार मे प्राथमिकता ग्राम सतवाड़ा के निवासियों को ही मिले।

4. **श्री रोशन केवट पुत्र श्री महावीर केवट, निवासी ग्राम–सतवाडा, तहसील–देवली, जिला–टोंक** ने बताया कि हम बेरोजगार है, यदि इस बजरी खनन परियोजना से हमें रोजगार मिलता हैं तो हमें कोई आपत्ति नही है।
5. **श्री अवधेश शर्मा पुत्र श्री बजरंग लाल शर्मा, निवासी ग्राम–सतवाडा नयागांव, तहसील–देवली, जिला–टोंक** द्वारा अवगत कराया गया कि यह परियोजना यदि नियम कानून से चलती हैं तब तो कोई आपत्ति नही हैं। जब से मैने होश संभाला हैं तब से बजरी चल रही हैं, बजरी कभी रुकी नही हैं, ये योजना कब चलेगी यह बाद की बात है, लेकिन बजरी अभी भी चल रही हैं। अवैध बजरी जो चल रही हैं मुख्य समस्या उससे हैं। रात मे जो असामाजिक तत्व आते हैं। वह अभी भी आते हैं, पता नहीं कौन–कौन से गाँव से आते हैं। ट्रैक्टर आते हैं, भर–भर कर निकलते हैं। मेरा मकान बिल्कुल सड़क के किनारे स्थित हैं। रात मे बजरी के ट्रैक्टर अत्यधिक तेज चलते हैं जिससे सड़क दुर्घटना होती हैं। अब तक 2–3 लोग सड़क दुर्घटनाओं मे मर भी चुके हैं। यदि बजरी खनन परियोजना नियम के अनुसार चलती हैं तो किसी को कोई आपत्ति नही हैं। बजरी खनन से नुकसान हुआ है, पानी खारा हुआ है, जल स्तर गिरा है। पेय जल के लिए नल से जल की व्यवस्था सरकार ने की हैं। रोजगार स्थानीय लोगों कों मिलना चाहिए। यहाँ पर युवा रोजगार की आस मे बैठे हुए हैं। यदि बजरी खनन

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
बूंदी, राजस्थान

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
टोंक (राज०)



Scanned with OKEN Scanner

नियमानुसार होगा, युवाओं को रोजगार मिलेगा, पर्यावरण को क्षति को कम करने हेतू कार्य किये जाए तो कोई दिक्कत नही है।

6. **श्री सत्यप्रकाश शर्मा पुत्र स्व. श्री भोला शंकर शर्मा, निवासी ग्राम–राजमहल, तहसील–देवली, जिला–टोंक** द्वारा बताया गया कि बजरी खनन से कुओं का जल नीचे जा रहा हैं इस बार इन्द्र देव की मेहरबानी हैं, इस वर्ष काफी पानी हैं अन्यथा कुओं का पानी बहुत नीचे चला गया था। प्रदूषण की समस्या हैं। बजरी खनन से सभी आस–पास के लोग परेशान हैं अवैध खनन होने से गुण्डागर्दी बढ़ी हैं। आये दिन दुर्घटना होती रहती हैं। बजरी निर्माण कार्यो मे उपयोग होती हैं, जैसे गाँवो मे भी प्रधानमंत्री आवास योजना मे उपयोग मे आ रही हैं कच्चे मकान पक्के बन रहे हैं। बजरी की आवश्यकता भी हैं। सरकार द्वारा लीज आंवटित करेगी ही किसी की मानेगी नही। इस बारे मे पहले भी आन्दोलन हुए है। कलेक्टर साहब तक आये बाकि कोई सुनवाई नही हुई। लीज तो सरकार के नियम से ही होती है। अब हमारा निवेदन हैं कि पर्यावरण का व प्रदूषण का ध्यान रखकर, सारे नियमों का ध्यान रखकर खनन करें। अवैध खनन रूकना चाहिए। पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए नदी के किनारे ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण किया जाए। धूल नही उड़े, रास्तों का सही संचालन/रखरखाव किया जाए। उपरोक्त को ध्यान मे रखकर नियमानुसार खनन किया जाए ताकि किसी को कोई समस्या नही हो

7. **श्री प्रियदर्शन पुत्र श्री रमेश चन्द, निवासी ग्राम–राजमहल, तहसील–देवली, जिला–टोंक** द्वारा बताया गया कि बजरी खनन पूरे टोंक जिले के लिए एक बहुत बड़ी समस्या हैं चाहे वह वैध खनन हो या अवैध खनन। जब मंशा पत्र धारक को यहाँ गत वर्षो मे लीज दी गयी तो वर्ष 2011 से यहा बजरी का खनन चल रहा है। वर्ष 2011 से 2012 तक अवैध खनन होता था, उसका दुष्परिणाम यह आया कि 2012 मे यहाँ भूकम्प का झटका आया एवं केन्द्र टोंक बना। पर्यावरण की क्षति तो निश्चित रूप से हो रही हैं। पानी की उपलब्धता मे भारी गिरावट आयी हैं। बजरी की परत खननकर्ता द्वारा उठाई जाती हैं। बजरी कही से आती तो हैं नहीं, बजरी की आवक कम हो गयी हैं। अतः बजरी की परत पतली से और पतली होती जा रही हैं। बजरी का गुण हैं कि वह पानी को रोककर रखती हैं व पानी की गुणवत्ता बनाकर रखती हैं। बजरी की परत पतली होने के

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
बूंदी, राजस्थान

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
टोंक (राज0)



Scanned with OKEN Scanner

कारण पानी खारा ही नही अपितु कड़वा हो गया हैं। नदी के दोनों किनारों पर संरचनाए है चाहे वह कुएं हो, बावडी हो, हैंडपंप हो, उनका पानी कड़वा हो गया है। यह दुष्परिणाम बजरी के खनन की वजह से ही है। कुछ लोग बता रहे है कि बजरी की आवश्यकता भी है। यह ऐसा मिनरल है जिसका उपयोग मकान बनाने मे होता है, उजाड़ने मे नही होता है। लेकिन इसका दुष्प्रभाव जल स्त्रोतों पर पड़ रहा है। पानी की गुणवत्ता को बनाये रखने के लिए बजरी की परत को आवश्यकता से अधिक पतला नही किया जाए। नियमानुसार खनन के मापदण्डों को पूरा करते हुए यदि बजरी खनन किया जाए तो कोई आपत्ति नही है। किन्तु मंशा पत्र धारक को जब लीज मिल जाती है तो नियम व शर्तें एक तरफ रख दी जाती है एवं अन्धाधुन्ध खनन किया जाता है। जैसे अभी पूर्व वक्ता बता रहे थे कि ट्रैक्टर चलते है तो दुर्घटना होती है। दुर्घटना तो तब भी ज्यादा होंगी जब मंशा पत्र धारक खनन करेगा, साधन तो उसके भी चलेंगे वो भी अन्धाधुन्ध चलेंगे। इसके लिए विशेष आश्वासन दिया जाए कि खनिज परिवहन करने वाले वाहन गाँव के बीच से नही निकले, गाँव से दूर होकर निकले, ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए ताकि लोगों का नुकसान कम हो। परियोजना प्रस्तावक ने अभी कहा कि चिकित्सा शिविर लगाये जायेंगे। किसी का स्वास्थ्य बिगाड़ कर उसका इलाज करने से अच्छा है कि यह प्रयास करने चाहिए कि उसका स्वास्थ्य ठीक बना रहें। आप नियम के अनुसार कार्य करिए ताकि लोगों का स्वास्थ्य खराब नही हो एवं चिकित्सा शिविर लगाने की जरूरत ही नही पड़े। नियमों को दरकिनार नही किया जाना चाहिए। नियमो के अनुसार कार्य होना चाहिए तो वह सबके लिए अच्छा है, आम जन के लिए भी अच्छा है व पर्यावरण के लिए भी अच्छा है। लीज मंशा पत्र धारक के लिए भी अच्छा है। हम सब के लिए अच्छा है।

उन्होनें कहा कि अभी जो लोग रोजगार की बात कर रहे हैं उनसे मेरा कहना है कि आप लोग यहा अपनी समस्याएं बताए, यहा आपको आपकी समस्या बताने के लिए बुलाया गया है न कि रोजगार देने के लिए। रोजगार की बात अलग से भी की जा सकती है यहा समस्याएं बताए। समस्याओं के बारे मे अवगत कराए।

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
बूंदी, राजस्थान

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
टोंक (राज0)



Scanned with OKEN Scanner

8. **श्री अवधेश शर्मा पुत्र श्री बजरंग लाल शर्मा, निवासी ग्राम–सतवाडा नयागांव, तहसील–देवली, जिला–टोंक** ने पुनः कहा कि भैया (श्री प्रियदर्शन जी) ने कहा कि दुर्घटना तो बाद मे भी होगी। श्री महावीर ने कहा कि दुर्घटना अवैध खनन की वजह से होती है क्योकि क्यों कि अवैध खनन वाले वाहन तेज गति से चलते है, उन्हे पकड़े जाने का डर रहता है। अगर खनन करने वाले वाहन नियम से चलेंगे तो धीरे धीरे चलेंगे, दुर्घटना भी नही होगी। श्री महावीर ने कहा कि रोजगार का जिक्र इसलिए किया गया क्यों कि परियोजना प्रस्तावक ने अपनी प्रेजेन्टेशन मे स्थानीय लोगों को रोजगार देने की बात स्वयं कही थी।

परियोजना प्रस्तावक के सलाहकार के प्रतिनिधि श्री उमेश शर्मा ने बताया कि स्थानीय लोगो को उनको कुशलता के आधार पर रोजगार मे प्राथमिकता दी जाएगी। सभी नियम कानूनों के अनुसार खनन किया जाएगा। बजरी का खनन नदी की सतह से केवल दो 02 मीटर की गहराई तक ही किया जाएगा। ग्राउंड वाटर केवल (भूजल तालिका) से छेड़छाड़ नही की जाएगी। नदी के परिस्थितिक तंत्र को भी प्रभावित नही करेंगे। नदी के जीव जन्तु को भी नही छेडेंगे। क्षमता से अधिक भराव (Over Loading) भी नही की जाएगी। भारी मात्रा मे परिवहन (Heavy Trafficing) नही करेंगे। सभी कार्य नियम से करेंगे।

9. **श्री सत्यप्रकाश शर्मा पुत्र स्व॰ श्री भोला शंकर शर्मा, निवासी ग्राम–राजमहल, तहसील–देवली, जिला–टोंक** पुनः कहा कि अभी परियोजना प्रस्तावक के अनुसार खनन नियमानुसार होगा व बजरी नदी के तल से नियमानुसार ही उठाई जाएगी लेकिन होता यह है कि बजरी उठा ली जाती है व पुनः उसका मापन कर लेते है।

परियोजना प्रस्तावक के सलाहकार के प्रतिनिधि श्री उमेश शर्मा ने अवगत कराया कि वर्ष 2020 से पहले बजरी का खनन कितना किया जाए, कितनी गहराई तक किया जाए, इस सम्बन्ध मे कोई स्पष्ट दिशा–निर्देश एवं नियम नही थे। वर्ष 2020 मे (माननीय सुप्रीम कोर्ट) भारत सरकार की CAG की कमेटी की बैठक हुई एवं सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सस्टेनेबल रिवर सेण्ड गाइडलाइन 2020 जारी की गयी उसमे स्पष्ट रूप से

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
टोंक (राज०)

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
बूंदी, राजस्थान



Scanned with OKEN Scanner

लिखा गया कि जो भी खनन किया जाएगा वो सतह से तीन मीटर गहराई तक ही किया जाएगा एवं प्रति वर्ष उसका प्रतिस्थापन अध्ययन (Replenishment Study) कराई जाएगी। Replenishment Study का मतलब होता है कि जैसे 2 मीटर तक खनन कर लिया गया, तो अगले वर्ष बजरी आयी या नही आयी यह जानने के लिए अध्ययन किया जाता है। यदि अगले वर्ष बजरी नही आती है तो उस जगह खनन नही होगा, उससे आगे की तरफ/अन्य जगह लीज क्षेत्र मे खनन होगा। हर साल Replenishment Study की जाएगी जिसकी रिपोर्ट सम्बन्धित SEIAA, प्रशासन, भारत सरकार के वन पर्यावरण एंव जलवायु परिर्वतन मंत्रालय को भेजी जाएगीं। अतः आप (श्री सत्यप्रकाश शर्मा) जो बोल रहे है ऐसी स्थिति अब नही रही है।

श्री सत्यप्रकाश शर्मा ने कहा कि मै जो बात कह रहा हूँ वह वर्ष 2020 के बाद की ही है।

परियोजना प्रस्तावक के सलाहकार के प्रतिनिधि श्री उमेश शर्मा ने अवगत् कराया कि वर्ष 2020 के बाद खनन सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देश के अनुसार ही होगा। वर्तमान मे जो सरकार ने बजरी खनन पट्टे जारी किये है उनमें यह शर्त अंकित की गयी है।

10. **श्री राजेश कुमार मीणा पुत्र श्री गोपाल लाल मीणा, निवासी ग्राम–सतवाडा, तहसील–देवली, जिला–टोंक** द्वारा बताया गया कि पानी मे फ्लोराइड की मात्रा बढ़ने का सीधा सम्बन्ध बजरी खनन से है। बिसलपुर बांध का पानी मीठा है। बनास नदी किनारे स्थित कुओं का पानी खारा हो चुका है। लगभग 4–5 वर्ष पूर्व कुओं मे मीठा पानी था। जो दिन प्रतिदिन खारा होता जा रहा हैं। उसका कारण हैं बजरी का खनन। बजरी खनन कम्पनी क्या यह आश्वस्त कर सकती हैं कि वर्तमान मे जो पानी मे फ्लोराइड की सान्द्रता हैं उसमें बढ़ोतरी नही होगी।

श्री राजेश मीणा ने पूछा कि कम्पनी के पास पानी मे वर्तमान मे फ्लोराइड की सान्द्रता को भविष्य मे भी समान बनाये रखने व बढने नही देने हेतु क्या उपाय है। मुख्य मुद्दा यह है कि पानी की गुणवत्ता खराब होती जा रही है। यह विचार करने योग्य बिन्दु है कि लीज धारक पानी की गुणवता को कैसे बनाये रखेंगे।

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
बूंदी, राजस्थान

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
टोंक (राज०)



Scanned with OKEN Scanner

11. **श्री रामराज जाट पुत्र श्री श्योकरण जाट कि ग्राम–सतवाड़ा, तहसील–देवली, जिला–टोक** द्वारा अगवत कराया गया कि बनास नदी मे पिछले लगभग 20–25 वर्ष से बजरी का खनन हो रहा है। अभी बताया गया कि 3 मीटर तक खनन करने का नियम है, लेकिन सच तो यह है कि बजरी का Replenisment नही होता है। प्रेजेन्टेशन मे बताया गया कि नदी मे जल स्तर 7 से 8 मीटर नीचें है, जबकि सत्य यह कि नदी मे जल स्तर मात्र 0.5 मीटर से 1.0 मीटर ही है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा पानी मे बताई गयी फ्लोराइड की सान्द्रता भी सही नही है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताये गये आकड़े/बाते सही नही है। वह सब झूठ है। बजरी खनन पर्यावरण व गाँव वालो के लिए सही नही है।
12. **श्री प्रियदर्शन पुत्र श्री रमेश चन्द, निवासी ग्राम–राजमहल, तहसील–देवली, जिला–टोंक** द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व मे बजरी नदी से उठा ली गयी है एवं वर्तमान मे रिवर बेड बजरी खनन के लिए उपर्युक्त नही है। खनन से नदी का स्वरूप रखा हो रहा है। पर्यावरण की क्षतिं हो रही हैं, जल स्तर नीचे जा रहा है, पानी की गुणवत्ता भी खराब हो रही है। बजरी का खनन एक बहुत बडी समस्या है चाहे वह वैध रूप से हो या अवैध रूप से। बनास नदी मे बजरी के खनन पर रोक लगनी चाहिए।

तत्पश्चात् अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, टोंक द्वारा जनसमूह को अवगत कराया गया कि इस जन सुनवाई के दौरान आपने जो बात कही हैं वह रिकार्ड की गयी है एवं उन्हे नोट भी किया है। ये जनसुनवाई मुख्य रूप से इस बजरी खनन परियोजना को लेकर गाँव वालों के क्या विचार है, यह जानने के लिए की जाती है। यह जन सुनवाई प्रदूषण नियंत्रण मण्डल द्वारा आयोजित की जाती है तथा परियोजना प्रस्तावक को अपनी परियोजना की जानकारी आम जन को बतानी होती है। जिला प्रशासन को इसमें इस कारण सम्मिलित किया जाता है ताकि आम जन अपनी बात खुलकर रख सके तथा जो भी बाते यहाँ हुई है वह सरकार तक पहुँचे। परियोजना को पर्यावणीय स्वीकृति जारी होगी या नही होगी, यह निर्णय सरकार लेगी। आपने जो भी बात कही है, जो मुददे, जो मुद्दे, जो समस्याएं आपने बताई वो हूबहू हम कार्यवाही विवरण मे सम्मिलित करके एवं आपने जो लिखित मे दिया है उसे भी कार्यवाही विवरण

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
बूंदी, राजस्थान

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
टोंक (राज०)



Scanned with OKEN Scanner

के साथ संलग्न करके सक्षम स्तर को प्रेषित करेंगे। निर्णय सरकार के स्तर पर किया जाएगा।

उक्त जनसुनवाई के दौरान/पहले/बाद मे निम्नानुसार लिखित आक्षेप/आपत्ति/सुझाव प्राप्त हुए जिनकी प्रति संलग्नक हैं (संलग्नक–य)

| क्र. स. | व्यक्ति/संस्था | प्राप्ति दिनांक | विषय |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रशासक एवं अन्य, ग्राम पंचायत–देवीखेड़ा, पंचायत समिति–देवली, जला–टोंक। | 02.10.2025 | ग्राम सतवाड़ा नयागाँव मे बजरी की लीज को पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान नही करने बाबत् |
| 2. | समस्त ग्रामवासी सतवाड़ा नयागाँव, ग्राम पंचायत–देवीखेड़ा, तहसील–देवली, जला–टोंक | 02.10.2025 | ग्राम सतवाड़ा नयागाँव मे बजरी की लीज को पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान नही करने बाबत् |
| 3. | समस्त ग्रामवासी सतवाड़ा नयागाँव, ग्राम पंचायत–देवीखेड़ा, तहसील–देवली, जिला–टोंक | 08.11.2025 | राज्य सरकार द्वारा जारी बजरी लीज तन सतवाड़ा नयागाँव में ब्लॉक नम्बर 4 को पर्यावरण स्वीकृति प्रदान नहीं करने बाबत्। |

अंत मे जन सुनवाई की कार्यवाही सधन्यवाद समाप्त की गयी।

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।

(शिव कुमार)
क्षेत्रीय अधिकारी,
राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, बून्दी (राज.)

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
बूंदी, राजस्थान

(रान रतन सौंकरिया)
अति॰ जिला कलक्टर एवं अति॰
जिला मजिस्ट्रेट, टोंक (राज.)

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
टोंक (राज०)



Scanned with OKEN Scanner

संलग्नक – अ

JEEC(P)
04/9/25

# कार्यालय जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट टोंक

क्रमांकः– / न्याय / पर्यावरण जनसुनवाई / 2025 / 27402 दिनांक 04/09/2025

पर्यावरण अभियन्ता व क्षेत्रीय अधिकारी
राज्य प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड
बून्दी।

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
प्राप्ति क्रमांक 5918
दिनांक 4/9/25
बून्दी (राज.)

विषयः– Public hearing for Environment Clearence for District Tonk.

उपरोक्त विषयान्तर्गत पर्यावरण जनसुनवाई हेतु टोंक जिले की तहसील देवली में स्थित ग्राम सतवाड़ा एवं तहसील टोंक में स्थित ग्राम लहन में रिवर सेण्ड (बजरी) प्रोजेक्ट चालू किये जाने हेतु निम्नानुसार जनसुनवाई का समय, स्थान व दिनांक नियत किया जाता है:–

| क0सं0 | पत्रावली पत्रांक व दिनांक / फर्म का नाम | ग्राम का नाम | निर्धारित समय, स्थान व दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | पत्रांक 1139 दिनांक 03.09.2025 दालिप लाइम उद्योग | सतवाड़ा | राजीव गांधी सेवा केन्द्र पंचायत समिति देवली, दिनांक 11.10.2025 प्रातः 11.00 बजे। |
| 2 | पत्रांक 1136 दिनांक 03.09.2025 मारुति माइन्स एण्ड मिनरल्स | लहन | कार्यालय तहसीलदार टोंक दिनांक 11.10.2025 को दोपहर 1.00 बजे। |

(राम रतन सौंकरिया)
**अति0 जिला मजिस्ट्रेट,**
**टोंक**

क्रमांकः– / न्याय / पर्यावरण जनसुनवाई / 2025 / 27403-13 दिनांक 04/09/2025

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. प्रभारी अधिकारी स्थापना / पुल कलेक्ट्रट, टोंक।
2. उपखण्ड अधिकारी देवली / टोंक।
3. तहसीलदार देवली / टोंक को भेजकर लेख है कि उक्त जनसुनवाई संबन्धित पटवारी को उपस्थित होने हेतु निर्देश प्रदान करें।
4. विकास अधिकारी, पंचायत समिति देवली।
5. सहायक खनिज अभियन्ता, खान एवं भू–विज्ञान विभाग टोंक।
6. श्री जितेन्द्र सिंह नरुका, सहायक प्रशानिक अधिकारी, न्याय अनुभाग कलेक्ट्रेट टोंक को भेजकर लेख है कि उक्त जनसुनवाई में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।
7. ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत ...............................।

**अति0 जिला मजिस्ट्रेट,**
**टोंक**

Document certified by Ram Ratan Sonkaria <ceo.jjn@gmail.com>.
Digitally Signed by Ram Ratan Sonkaria
Designation : Additional Collector And Additional District Magistrate
Date :04-09-2025 04:35:19

RajKaj Ref No.: 17584271
eSign DSC

Scanned with OKEN Scanner

JEE (P)
764
10/10/2025

# कार्यालय जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट टोंक

क्रमाकः– / न्याय / पर्यावरण जनसुनवाई / 2025 / 32776 दिनांकः–10 / 10 / 2025

## आदेश

कार्यालय हाजा के पत्रांक न्याय / पर्यावरण जनसुनवाई / 2025 / 27402–13 दिनांक 04.09.2025 से टोंक जिले में स्थित ग्राम सतवाड़ा में दलिप लाइम उद्योग सतवाड़ा, रिवर सेण्ड (बजरी) प्रोजेक्ट चालू किये जाने हेतु दिनांक 11.10.2025 को प्रातः 11.00 बजे राजीव गांधी सेवा केन्द्र, पंचायत समिति देवली में पर्यावरणीय जनसुनवाई नियत की गई थी। उक्त पर्यावरणीय जनसुनवाई अपरिहार्य कारणों से अग्रिम आदेश तक स्थगित की जाती है।

(राम रतन सौंकरिया)
**अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट,**
**टोंक**

क्रमाकः– / न्याय / पर्यावरण जनसुनवाई / 2025 / 32777–84 दिनांकः–10 / 10 / 2025

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. प्रभारी अधिकारी स्थापना / पुल कलेक्ट्रट, टोंक।
2. उपखण्ड अधिकारी देवली।
3. तहसीलदार देवली।
4. विकास अधिकारी, पंचायत समिति देवली।
5. सहायक खनिज अभियन्ता, खान एवं भू–विज्ञान विभाग टोंक।
6. पर्यावरण अभियन्ता व क्षेत्रीय अधिकारी, राज्य प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड बून्दी।
7. दलिप लाइम उद्योग सतवाड़ा

**अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट,**
**टोंक**

Signature valid
Digitally signed by Ram Ratan Sonkaria
Designation : Additional Collector And Additional District Magistrate
Date: 2025.10.10 19:08:39 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 18268472
eSign 1.0

# कार्यालय जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट टोंक

क्रमांकः–/न्याय/पर्यावरण जनसुनवाई/2025/32822 दिनांकः–यथा हस्ताक्षर

पर्यावरण अभियन्ता व क्षेत्रीय अधिकारी
राज्य प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड
बून्दी।

JEE(P)
16/10/25

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
प्राप्ति
क्रमांक 715
दिनांक 16/10/25
बून्दी (राज.)

विषयः– Public hearing for Environment Clearence for District Tonk.

उपरोक्त विषयान्तर्गत पर्यावरण जनसुनवाई हेतु टोंक जिले की तहसील देवली में स्थित ग्राम सतवाड़ा में बजरी माइनिंग चालू किये जाने हेतु निम्नानुसार जनसुनवाई का समय, स्थान व दिनांक नियत किया जाता हैः–

| क0सं0 | पत्रावली पत्रांक व दिनांक/फर्म का नाम | ग्राम का नाम | निर्धारित समय, स्थान व दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | पत्रांक 1386 दिनांक 14.10.2025 दलिप लाईम उद्योग सतवाड़ा | सतवाड़ा | राजीव गांधी सेवा केन्द्र पंचायत समिति, देवली दिनांक 08.11.2025 प्रातः 11.00 बजे। |

पर्यावरण जनसुनवाई के लिए कम से कम दो बडी एलईडी स्कीन, उच्च गुणवत्ता का साउण्ड सिस्टम एवं आगंतुकों की पर्याप्त बैठक व्यवस्था एवं पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जावे।

(राम रतन सौंकरिया)
**अति0 जिला मजिस्ट्रेट,**
**टोंक**

क्रमांकः–/न्याय/पर्यावरण जनसुनवाई/2025/22823-29 दिनांकः–यथा हस्ताक्षर
प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. प्रभारी अधिकारी स्थापना/पुल कलेक्ट्रट, टोंक।
2. उपखण्ड अधिकारी देवली।
3. तहसीलदार देवली। को भेजकर लेख है कि उक्त जनसुनवाई संबन्धित पटवारी को उपस्थित होने हेतु निर्देश प्रदान करें।
4. विकास अधिकारी, पंचायत समिति, देवली।
5. सहायक खनिज अभियन्ता, खान एवं भू–विज्ञान विभाग टोंक।
6. श्री जितेन्द्र सिंह नरूका, सहायक प्रशानिक अधिकारी, न्याय अनुभाग कलेक्ट्रेट टोंक को भेजकर लेख है कि उक्त जनसुनवाई में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

**अति0 जिला मजिस्ट्रेट,**
**टोंक**

Document certified by Ram Ratan Sonkaria <ceo.jjn@gmail.com>.
Digitally Signed by Ram Ratan Sonkaria
Designation : Additional Collector And Additional District Magistrate
Date :16-10-2025 11:57:14

RajKaj Ref No.: 18319145
eSign DSC

Scanned with OKEN Scanner

संलग्नक : ब

# उपस्थिति पत्रक

मैसर्स दलीप लाईम उद्योग, प्लॉट सं. 04, की प्रस्तावित रिवर सेंड (बजरी) खनन परियोजना, खनन क्षेत्रफल 73.61 हेक्टेयर, प्रस्तावित उत्पादन क्षमता 26,49,960 TPA (ROM) निकट ग्राम–सतवाड़ा, तहसील–देवली, जिला–टोंक मय कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 3553.8267 हेक्टेयर खनन परियोजना हेतु आयोजित पर्यावरणीय स्वीकृति से सम्बन्धित जन सुनवाई दिनांक 08.11.2025 (शनिवार) को स्थान राजीव गाँधी सेवा केन्द्र, पंचायत समिति–देवली, तहसील–देवली, जिला–टोंक में समय प्रातः 11:00 बजे में उपस्थित अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं नागरिको का उपस्थिति पत्रकः–

| क्र.स. | व्यक्ति का नाम | पता / विभाग का नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1 | रामरतन सौकरिया | ADM टोंक | [signature] |
| 2 | Shiv Kumar | R.O., RSPCB, Bundi | [signature] |
| 3 | रामदेव कंवरिया | सतवाड़ा बोरंदा जोधपुरा | [signature] |
| 4. | दिलीपकुमार | बोरन्दा (प्रतिनिधि) जोधपुरा | [signature] |
| 5 | जितेन्द्र सिंह | AAO | [signature] |
| 6 | रामराज जाट | नयागाँव | [signature] |
| 7 | Rajesh Kumar Meena | Satwara | [signature] |
| 8 | [illegible] सिंह | Mines & Geology deptt. Tonk | [signature] |
| 9 | राधेश्याम पांचाल | सतवाड़ा | राधेश्याम |
| 10 | संजय | नेगड़या | [signature] |
| 11 | [signature] दारासिंह कुंवर | (सतवाड़ा) | [signature] |
| 12 | भोजराज कैवट | सतवाड़ा | भोजराज |
| 13 | भोरत भील | सतवाड़ा | भोरत |
| 14 | महावीर भील | सतवाड़ा | महावीर |
| 15 | आत्माराम प्रजापत | सतवाड़ा | आत्माराम |

| क्र.सं. | व्यक्ति का नाम | पता / विभाग का नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 16 | गोपाल केवट | सतवाड़ा | गोपाल |
| 17 | अशोक जाट | लेगडिया | Ashok |
| 18 | नन्दलाल गुर्जर | लेगडिया | नन्दलाल गुर्जर |
| 19 | अवधेश केवट | सतवाड़ा | अवधेश |
| 20 | Ruby Bhati | देव खेड़ा | Ruby |
| 21 | महेश चौधरी | सतवाड़ा | महेश चौधरी |
| 22 | इमरान पठान | देव खेड़ा | इमरान |
| 23 | गिरिश मीणा | देवखेड़ा | गिरिश |
| 24 | बन्टी वर्मा | देव खेड़ा | [illegible] |
| 25 | नरेन्द्र सिंह | देवखेड़ा | नरेन्द्र सिंह |
| 26 | विकास शर्मा | देव खेड़ा | विकास शर्मा |
| 27 | कमलान चौधरी | सतवाड़ा | कमलान |
| 28 | बन्नो लाल की | ~~[illegible]~~ सतवाड़ा | बन्न लाल की |
| 29 | शैतान सिंह मीणा | विजयगढ़ | शैतान |
| 30 | राकेश कुमार वैष्णव | सतवाड़ा | राकेश वैष्णव |
| 31 | ओमप्रकाश केवट | सतवाड़ा | ओमप्रकाश |
| 32 | रामराज कीर | सतवाड़ा | रामराज |
| 33 | मुकेश भील | भील सतवाड़ा | मुकेश |
| 34 | लोकेश शर्मा | सतवाड़ा | लोकेश |
| 35 | पप्पु राम | सतवाड़ा | लोकेश |
| 36 | रोशन केवट | सतवाड़ा | रोशन केवट |
| 37 | किशन कीर | सतवाड़ा | किशन कीर |
| 38 | अजीत केवट | सतवाड़ा | अजीत केवट |

| क्र.सं. | व्यक्ति का नाम | पता / विभाग का नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 39 | सत्यनारायण केवट | सतवाड़ा | सत्यनारायण |
| 40 | [illegible] सिंह | जैसलमेर | [illegible] |
| 41 | शैलेन्द्र शर्मा | सतवाड़ा | [illegible] |
| 42 | अवधेश कुमार शर्मा | सतवाड़ा | [illegible] |
| 43 | जीतराम चौधरी | सतवाड़ा | Jeetram |
| 44 | बिरदु सिंह | ~~[illegible]~~ नयागांव | [illegible] |
| 45 | [illegible] सिंह | सतवाड़ा | [illegible] |
| 46 | गंगाकिशन | सतवाड़ा | [illegible] |
| 47 | दिलीप जांगिड़ | सतवाड़ा [illegible] | [illegible] |
| 48 | सत्यनारायण मंडोलिया | सतवाड़ा | [illegible] |
| 49 | [illegible] जाट | ~~[illegible]~~, बोरून्दा, जोधपुर | [illegible] |
| 50 | Umesh Kr. Sharma | Vibrant Technolab Pvt. Ltd | [illegible] |
| 51 | Dr. Sunil Chopra | " | [illegible] |
| 52 | ओमप्रकाश शर्मा | ग्रा. पो. [illegible] | ओमप्रकाश शर्मा |
| 53 | Pankaj Sattawan | JEE, RSPCB, Bundi | Pankaj |
| 54 | पुरुषोत्तम [illegible] | राजसमंद | [illegible] |
| 55 | नाथूलाल खटीक | संथली | नाथूलाल |
| | | | |

संलग्नक – 5

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
प्राप्ति
क्रमांक 710
दिनांक 3/10/25
बून्दी (राज.)

JEE(P)
Received in public Hearing
02/10/25

सेवामें

श्रीमान अतिरिक्त जिला कलेक्टर
टोंक राजस्थान

विषय– राज्य सरकार द्वारा जारी बजरी लीज तन सतवाडा नयागॉव मे प्रर्यावरण स्वीकृति प्रदान नही करने बाबत् ।

महोदय

सविनय निवेदन है कि ग्राम सतवाडा में जारी की गई बजरी लीज जारी किये जानें के विरोध में ग्रामवासियों की आपत्तिया निम्न प्रकार है।

1. पानी में बढती फ्लोराइड की मात्रा
2. कुँओ का गिरता जलस्तर
3. पर्यावरण प्रदूषण (ध्वनि प्रदूषण,वाय प्रदूषण )
4. पेटा काश्त का प्रभावित होना
5. पेटाकाश्त करने वाले किसानों का बेरोजगार होना
6. पारिस्थितिकि तंत्र का बिगडना (जलीय जीव )
7. ग्रामीण सडको की टूटने की समस्या
8. असामाजिक तत्त्वों द्वारा रात्रि विचरण करना तथा सामाजिक सोहार्द बिगाडना
9. अनियमित खनन की वजह से गहरे गड्डों से पशुधन व जनहानि का होना
10. उक्त खसरा नम्बर में बजरी का न होना
11. आदिवासी समाज के लोगो का भूमिहीन होना

अत सखरा न 420,421 ब्लॉक 4,5,6 को ग्रामवासियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त लीजधारको को पर्यावरण स्वीकृति प्रदान नहीं की जाये। अन्यथा ग्राम व क्षेत्रवासियों द्वारा मजबूरन धरना प्रदर्शन करना पडेगा।

दिनाक 02 / 10 / 2025

प्रार्थी समस्त ग्रामवासी
सतवाडा नयागॉव ग्राम पंचायत
देवीखेडा तहसील देवली जिला
टोक राजस्थान

रामराय
अंगूठा निशानी रामलाल भील
सावरमल
सांवर
भरत
रामराज
हंसराज
रुपाराम
रमेश
Shambhu
रामकुंवार
शोकत
सोहन
राधेश्याम
रामनिवास
कजोड
पोलू
भीमराज
दिलखुश भील
अंगूठा निशानी हीरालाल
राकेश
छीतरलाल

# कार्यालय ग्राम पंचायत, देवीखेड़ा

## पंचायत समिति, देवली जिला-टोंक (राज.)

क्रमांक : 　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक 2/10/025

JEE (P)
Received in Public Hearing
02/10/25

सेवामे

श्रीमान अतिरिक्त जिला कलेक्टर
टोंक राजस्थान

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल बून्दी (राज.)
प्राप्ति
क्रमांक 709
दिनांक 3/10/25

विषय:– राज्य सरकार द्वारा जारी बजरी लीज तन सतवाडा नयागॉव में प्रर्यावरण स्वीकृति प्रदान नही करने बाबत् ।

महोदय

सविनय निवेदन है कि ग्राम सतवाडा में जारी की गई बजरी लीज जारी किये जाने के विरोध मे ग्रामवासियो की आपत्तिया निम्न प्रकार है।

1. पानी मे बढती फ्लोराइड की मात्रा
2. कुँओ का गिरता जलस्तर
3. पर्यावरण प्रदूषण (ध्वनि प्रदूषण,वाय प्रदूषण )
4. पेटा काश्त का प्रभावित होना
5. पेटाकाश्त करने वाले किसानों का बेरोजगार होना
6. पारिस्थितिकि तंत्र का बिगडना (जलीय जीव )
7. ग्रामीण सडको की टूटने की समस्या
8. असामाजिक तत्त्वों द्वारा रात्रि विचरण करना तथा सामाजिक सोहार्द बिगाडना
9. अनियमित खनन की वजह से गहरे गड्डों से पशुधन व जनहानि का होना
10. उक्त खसरा नम्बर में बजरी का न होना
11. आदिवासी समाज के लोगो का भूमिहीन होना

अतः खसरा नं 420,421 ब्लॉक 4,5,6 को ग्रामवासियों की समस्याओ को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त लीजधारको को पर्यावरण स्वीकृति प्रदान नहीं की जाये। अन्यथा ग्राम व क्षेत्रवासियों द्वारा मजबूरन धरना प्रदर्शन करना पडेगा।

दिनांक 02/10/2025

प्रार्थी समस्त ग्रामवासी
सतवाडा नयागॉव ग्राम पंचायत
देवीखेडा तहसील देवली जिला
टोंक राजस्थान

Received in Public Hearing JEE (P).
08/11/2025

सेवामें,

श्रीमान् अतिरिक्त जिला कलेक्टर महोदय,
टोंक राजस्थान।

विषय :– राज्य सरकार द्वारा जारी बजरी लीज तन सतवाड़ा नयागॉव में ब्लॉक नम्बर 4 को पर्यावरण स्वीकृति प्रदान नहीं करने बाबत्

महोदय,

उपरोक्त विषय में निवेदन हैं कि उक्त लीज जारी करने के विरोध में ग्रामवासियों की आपत्तिया निम्न प्रकार हैं :–

1. पानी में बढ़ती फ्लोराईड की मात्रा
2. कुँओं का गिरता जलस्तर
3. पर्यावरण प्रदूषण (ध्वनि प्रदूषण, वायु प्रदूषण)
4. पेटा काश्त का प्रभावित होना
5. पेटा काश्त करने वाले किसानों का बेरोजगार होना
6. पारिस्थितिकि तंत्र का बिगड़ना (जलीय जीव)
7. ग्रामीण सड़को की टूटने की समस्या
8. असामाजिक तत्वों द्वारा रात्रि विचरण करना तथा सामाजिक सोहार्द बिगाडना
9. अनियमित खनन की वजह से गहरे गड्डो से पशुधन व जनहानि का होना
10. उक्त खसरा नम्बर में बजरी का न होना
11. आदिवासी समाज के लोगो का भूमिहीन होना

अतः प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन हैं कि ब्लॉक नम्बर 4 सतवाड़ा नयागॉव की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त लीजधारकों को पर्यावरण स्वीकृति प्रदान नहीं की जाये अन्यथा ग्राम व क्षेत्रवासियों द्वारा मजबूरन धरन प्रर्दशन व उग्र आन्दोलन करना पड़ेगा।

प्राप्ति क्रमांक 862 दिनांक 10/11/25

दिनांक :–08.11.2025 हस्ताक्षर

समस्त ग्रामवासी सतवाड़ा, नयागॉव
ग्राम पंचायत देवीखेड़ा तहसील देवली
जिला टोंक राज.

नारायण
राधेश्याम
हीरालाल
रोशन
भैंरूलाल जाट
रामनारायण
अजीत
प्रकाश
महावीर
गोपाल
रामराज

# केन्द्र में विश्व
# आयोजन



केन्द्र के वैज्ञानिकों ने नवाचार, मौसमी फसलों के बीजोपचार, कीट व रोग संरक्षण, पशुओं की बीमारिया तथा मृदा पोषण से लेकर पौध रोपण विषयों पर किसानों के प्रश्नों का निवारण किया। कार्यक्रम में सभी किसानों को सब्जियों की पौध उपलब्ध करवाई गई एवं किसानों को सजीव प्रदर्शन ईकाईयों का भ्रमण कराया गया।

# ान निधि से
# ाया अध्याय

 तहत अब तक 71.79 लाख किसानों
 है। उन्होंने बताया कि योजना के प्रचार-
जमीनी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय
 को सक्रिय किया जा रहा है। जमीनी
ना की जानकारी गाँव-गाँव, ढाणी-ढाणी
 हैं, जिससे किसानों में जागरूकता और
 बढ़ रही है।
 में किसानों की पात्रता की पुष्टि भूमि
केवाईसी, आधार और बैंक खातों के
द होती है। पात्र किसान परिवारों को ही
 लाभ दिया जाता है। प्रदेश में इस योजना
ाव देखने को मिल रहा है। छोटी जोत
जो पहले मौसम, बाजार या लागत की
 से जूझते थे, अब उनके पास बीज,
चाई जैसी मूलभूत जरूरतों के लिए एक
सहायता उपलब्ध है। यह समर्थन ग्रामीण
 नकदी प्रवाह को बढ़ाता है, जिससे
 में भी गति आती है।

**कार्यक्रम का जिला मुख्यालय एवं स्तर पर सीधा प्रसारण**

सान सम्मान निधि योजना के तहत चौथी
 के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का जिला
ब्लॉक व ग्राम स्तर पर सीधा प्रसारण
जिला स्तरीय समारोह नवीन जिला परिषद
पहर 2 बजे आयोजित किया जायेगा।
ोडल अधिकारी सहकारी समितियों के
ी।

# सिरस व नटवाडा में ग्रामीण सेवा शिविरों का हुआ आयोजन

**खबरों की दुनिया**



निवाई। सिरस व नटवाडा में ग्रामीण सेवा शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। इस दौरान रोगियों का निःशुल्क उपचार किया गया। एनसीडी की स्क्रीनिंग, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य जांच, पीएमजेएवाई योजना और टीबी रोगियों की स्क्रीनिंग की गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र चौधरी व ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपेंद्र पांचाल ने शिविर स्थलों पर पहुँचकर औचक निरीक्षण किया और स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। सिरस शिविर में डॉ. सौम्या एवं उनकी मेडिकल टीम मौजूद रही। नटवाड़ा में डॉ. वेंकटेश डासवानी व उनकी टीम ने सेवाएं दी। शिविरों में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच और उपचार सेवाओं का लाभ लिया। इस दौरान सिरस सरपंच श्योजीराम जाट एवं नटवाडा में सरपंच नीता कंवर व सीएचओ ममता नारोलिया को निक्षय मित्र बनाकर टीबी रोगियों को पोषण किट वितरित की गई। ब्लॉक स्वास्थ्य सुपरवाइजर विष्णुकान्त खंगार ने बताया कि शिविरों से ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं आमजन तक सुगमता से पहुँच रही हैं।

# सरकारी स्कूलों से पढ़कर अधिकारी बना लोकेश



**खबरों की दुनिया**

टोंक। आरएएस-2023 के अंतिम परिणाम में टोंक जिले के बरोनी गाँव निवासी लोकेश चौधरी ने अपने दूसरे प्रयास में 178वीं रैंक के साथ चयनित होकर माता-पिता, गाँव, जिले का नाम रोशन किया है। लोकेश के पिता किसान एवं माता ग्रहिणी है। लोकेश वर्तमान में जिला कोषालय, टोक में सहायक लेखाधिकारी के पद पर कार्यरत है, उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय परिवारजनों, स्टाफ साथियों एवं कड़ी मेहनत को दिया। अपनी सम्पूर्ण शिक्षा सरकारी स्कूलों, कॉलेजों से प्राप्त करने वाले लोकेश की सफलता में पूर्व कोषाधिकारी रामावतार शर्मा एवं वर्तमान कोषाधिकारी हरीश कुमार लालावत से मिली निरंतर प्रेरणा का भी विशेष योगदान रहा है।


**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PHED CIRCLE TONK**

No. 5840 Date 15.10.2025

**Corrigendum to NIT No. 21-22/2025-26**

In Continuation to this office NIT No. 21-22/2025-26 issued vide this office letter no. 5559-64 dated 06.10.2025 which was due on 15.10.2025 shall now be received on 27.10.2025 till 06.00 PM and shall be opened on 28.10.2025 on 01.00 PM. Rest condition of Tender Document shall remain same. Further detail may be seen on http://eproc.rajasthan.gov.in and http://sppp.raj.nic.in.

Old RO No. 15151 dated 13.10.2025

**(Rajesh Kumar Goyal)**
**Superintending Engineer**
**PHED Circle Tonk**

Regional Office

**RAJASTHAN STATE POLLUTION CONTROL BOARD**

Plot No. D-15, Near Ishwari Fruit Garden, New Colony, Bundi
Email- rorpcb.bundi@gmail.com

No. RPCB/RO Bundi/PUB-156/1441 Date : 16/10/2025

**पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जन सुनवाई के लिए आम सूचना**

1. सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स दलीप लाईम उद्योग, प्लॉट सं. 04 की प्रस्तावित रिवर सेंड (बजरी) खनन परियोजना खनन क्षेत्र 73.61 हेक्टेयर तथा प्रस्तावित उत्पादन क्षमता 26,49,960 TPA (ROM) निकट ग्राम सतवाड़ा, तहसील-देवली, जिला-टोंक मय कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 3553.8267 हेक्टेयर से सम्बन्धित प्रस्तावित रिवर सेंड (बजरी) माइनिंग प्रोजेक्ट की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु दिनांक 11.10.2025 को समय प्रातः 11:00 बजे स्थान राजीव गाँधी सेवा केन्द्र, पंचायत समिति-देवली, तहसील-देवली, जिला-टोंक में कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, टोंक के पत्र क्रमांक न्याय / पर्यावरण जनसुनवाई /2025/27402 दिनांक 04.09.2025 द्वारा नियत की गई थी। जिसकी आम सूचना इस कार्यालय के पत्र क्रमांक RPCB/RO Bundi/PUB-156/1154 दिनांक 04.09.2025 द्वारा जारी कर दैनिक अखबार द इण्डियन एक्सप्रेस में दिनांक 07.09.2025 व खबरों की दुनिया में दिनांक 07.09.2025 को प्रकाशित की गयी थी।
2. चूंकि,उक्त जनसुनवाई कार्यालय जिला कलेक्टर एवं मजिस्ट्रेट, टोंक के पत्र क्रमांक/न्याय/पर्यावरण जन सुनवाई/2025/32776 दिनांक 10.10.2025 द्वारा अपरिहार्य कारणों से अग्रिम आदेशों तक स्थगित की गई, जिसकी आम सूचना इस कार्यालय के पत्र क्रमांक RPCB/RO Bundi/PUB-156/1363 दिनांक 10.10.2025 द्वारा जारी कर वही दैनिक अखबार द इण्डियन एक्सप्रेस मे दिनांक 12.10.2025 व खबरों की दुनिया मे दिनांक 12.10.2025 को प्रकाशित की गयी।
3. चूंकि,कार्यालय जिला कलेक्टर एवं मजिस्ट्रेट, टोंक के पत्र क्रमांक/न्याय/पर्यावरण जन सुनवाई/2025/32822 दिनांक 16.10.2025 द्वारा उक्त परियोजना हेतु जन सुनवाई पुनः नियत की गयी है।
4. चूंकि मण्डल को उक्त परियोजना हेतु पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना संख्या का. आ.1533 (अ) दिनांक 14.09.2006 एवं संशोधित अधिसूचना संख्या का. आ.2163 (अ) दिनांक 09.05.2022 एवं समय-समय पर संशोधनों के प्रावधानों के अनुसरण में पुनः नियत की गयी जन सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 15 दिवस का नोटिस दिया जाना अनिवार्य है।
5. उक्त परियोजना से सम्बन्धित ड्राफ्ट पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन रिपोर्ट एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार अभिलेख निम्न कार्यालयों में अवलोकनार्थ उपलब्ध है :- i. कार्यालय जिला कलेक्टर, टोंक।, ii. कार्यालय मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, जिला टोंक।, iii. कार्यालय महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, जिला-टोंक।, iv. पंचायत समिति, देवली, तहसील-देवली, जिला-टोंक।, v. कार्यालय ग्राम पंचायत, देवीखेड़ा, तहसील-देवली, जिला-टोंक।, vi. क्षेत्रीय कार्यालय, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, ए-218, अरण्य भवन, झालाना संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर।, vii. सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल मुख्यालय, 4, संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर।, viii. निदेशक, पर्यावरण विभाग, कमरा संख्या 8240, द्वितीय तल, उ.प. (एसएसओ) भवन, सचिवालय, जयपुर।, ix. क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, बून्दी, जिला-बून्दी।, x. कार्यालय सहायक खनि. अभियंता,खान एवं भू-विज्ञान विभाग, जिला-टोंक।

अतः सर्वसाधारण को कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, टोंक के पत्र क्रमांक न्याय/पर्यावरण जनसुनवाई/2025/32822 दिनांक 16.10.2025 के क्रम में इस आम सूचना के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से सम्बन्धित जन सुनवाई हेतु दिनांक 08.11.2025 (शनिवार) को राजीव गांधी सेवा केन्द्र, पंचायत समिति-देवली, तहसील-देवली, जिला-टोंक में समय प्रातः 11:00 बजे उपस्थित होकर अपने लिखित एवं मौखिक आपत्ति/आक्षेप/सुझाव प्रस्तुत कर सकते है। साथ ही इस सम्बन्ध में लिखित आपत्ति/आक्षेप/ सुझाव इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से जन सुनवाई दिवस तक क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, बून्दी जिला बून्दी में भी प्रस्तुत किये जा सकते है।

**भवदीय (शिव कुमार) क्षेत्रीय अधिकारी, रा.प्र.नि.मं., बून्दी**

## नागौर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड

कृषि उपज मंडी के पास, बीकानेर रोड़, नागौर-341001

E-mail: saras_ngr@yahoo.com

क्रमांक: नादुस/2025-26/10890-10922. दिनांक: 16.10.2025

### ई-निविदा सूचना 2025-26

संघ में (1) भण्डार सामग्री ऑफिस एवं प्रिंटिंग स्टेशनरी बाबत एवं जनरल आईटम सप्लाई, (2) भण्डार सामग्री संयंत्र कैमिकल, एसिड एण्ड मैसेज सप्लाई (3) भण्डार सामग्री रॉ मेटेरियल फोर बाई प्रोडेक्ट (4) भण्डार सामग्री पैकिंग मेटेरियल (5) भण्डार सामग्री क्यूसी लैब मेटेरियल (6) S/I/C of TTO Printers with ribbon (7) S/I/C of Plant Machinery, Various Types Pump & other Materials (8) Supply of SS 304 Pipe, Valve, Fittings & MS/GI Pipe Fitting Materials (9) RMG/NMG दुग्ध परिवहन टैंकर हेतु दिनांक 17.10.2025 सायं 5.00 बजे से दिनांक 06.11.2025 को सायं 5.00 बजे तक ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। उक्त ई-निविदाएँ अपलोड/भरने की अंतिम तिथि/निविदा शर्तें, निविदा शुल्क, अमानत राशि इत्यादि का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता हैं अथवा संघ कार्यालय में उपलब्ध है।

(डॉ. भरत सिंह)
प्रबन्ध संचालक

## RajCOMP Info Services Limited (RISL)

C-Block, 1st Floor, Yojana Bhawan, Tilak Marg, C-Scheme, Jaipur

RISL invites e-bids from the eligible bidders for the following:

| NIB No./ Date/ Unique bid no. | Particulars | Estimated Cost/EMD | Start of sale / Last date |
|---|---|---|---|
| F4.3 (633)/RISL/Tech/ 2025/4253 Dated : 17/10/2025 UBN : RIS2526SLOB00042 | RFP for Selection of Agency for O&M of Integrated IT Solution (RajERP) for IT Enablement of Various PSUs Under the Govt. of Rajasthan. | Rs. 18 Crore / Rs. 36.00 Lakh | 17.10.2025 10.11.2025 |

Details can be seen on the websites **http://risl.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in, http://doitc.rajasthan.gov.in.** Bids are to be submitted through **http://eproc.rajasthan.gov.in**

**Raj.Samwad/C/25/12442** **Managing Director, RISL**

## TATA CAPITAL HOUSING FINANCE LIMITED

**Registered Off.: 11th Floor, Tower A, Peninsula Business Park, Ganpatrao Kadam Marg, Lower Parel, Mumbai 400013.**

**LOAN ACCOUNT NO. 10299836**

**"Notice is hereby given to the public in general and in particular to Mr. Mangi Ram S/o Mr. Chima Ram (as Borrower) and Mrs. Sita W/o Mr. Mangi Ram (Co-Borrower (s) /Guarantor/s) and their legal heirs/representatives, that the Authorised Officer of TATA Capital Housing Finance Ltd. (TCHFL), by following due procedure under SARFAESI Act 2002, has taken the Physical Possession of the Immovable Property, more particularly described in Schedule A below, as mortgaged with TCHFL. Despite giving several notices you have failed/ neglected to remove inventory lying in the said premises. Hence, vide this notice you are given last chance to remove the inventory lying in the Immovable property within 07 (Seven) days from the date of publication of this notice, failing which the Authorised Officer shall proceed with disposal of the inventory according to merit. The Authorised Officer and TCHFL shall not be held responsible for the same. Please note that we have identified the buyer for selling the lying inventory at the property, there is no response from your side we will dispose of the property to recover our dues.**

**Schedule - A**

All piece & parcels of Residential Property bearing No. 66, Admeasuring 191.66 Sq. Yds. i.e. 1725 Sq. Ft. (30'x57.6'), Comprised in Khasra No. 311, **Situated at Kudi Bhagtasani, Shri Ram Nagar Yojna, Jodhpur (Rajasthan), with all common amenities mentioned in Sale Deed. Boundaries:- North:** Property No. 65, **South:** Property No. 67, **East:** Road 30' Wide, **West:** Property No. 52

**DATE :- 18.10.2025** **Sd/- Authorised Officer**
**PLACE:- JODHPUR - RAJASTHAN** **For TATA CAPITAL HOUSING FINANCE LIMITED**

**Regional Office**

## RAJASTHAN STATE POLLUTION CONTROL BOARD

**Plot No. D-15, Near Ishwari Fruit Garden, New Colony, Bundi**
Email- rorpcb.bundi@gmail.com

**No. RPCB/RO Bundi/PUB-156/1441** **Date : 16/10/2025**

### पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जन सुनवाई के लिए आम सूचना

1. सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स दलीप लाईम उद्योग, प्लॉट सं. 04 की प्रस्तावित रिवर सेंड (बजरी) खनन परियोजना खनन क्षेत्र 73.61 हेक्टेयर तथा प्रस्तावित उत्पादन क्षमता 26,49,960 TPA (ROM) निकट ग्राम सतवाड़ा, तहसील-देवली, जिला-टोंक मय कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 3553.8267 हेक्टेयर से सम्बन्धित प्रस्तावित रिवर सेंड (बजरी) माइनिंग प्रोजेक्ट की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु दिनांक 11.10.2025 को समय प्रातः 11:00 बजे स्थान राजीव गाँधी सेवा केन्द्र, पंचायत समिति-देवली, तहसील-देवली, जिला-टोंक में कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, टोंक के पत्र क्रमांक न्याय / पर्यावरण जनसुनवाई /2025/27402 दिनांक 04.09.2025 द्वारा नियत की गई थी। जिसकी आम सूचना इस कार्यालय के पत्र क्रमांक RPCB/RO Bundi/PUB-156/1154 दिनांक 04.09.2025 द्वारा जारी कर दैनिक अखबार द इण्डियन एक्सप्रेस मे दिनांक 07.09.2025 व खबरों की दुनिया मे दिनांक 07.09.2025 को प्रकाशित की गयी थी।
